37 वाँ 37th
राष्ट्रीय National
फ़िल्म समारोह Film Festival
1990

विषय सूची

पृष्ठ संख्या
Page No

CONTENTS

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार	5	Dada Saheb Phalke Award for 1989
निर्णायक मण्डल	8	The Juries
कथाचित्र पुरस्कार	11	**AWARDS FOR FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम कथाचित्र	12	Best Feature Film
द्वितीय सर्वोत्तम कथाचित्र	14	Second Best Feature Film
निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इन्दिरा गांधी पुरस्कार	16	Indira Gandhi Award for Best First Film of a Director
लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार	18	Best Film Providing Popular and Wholesome Entertainment
राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार	20	Nargis Dutt Award for the Best Feature Film on National Integration
परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र	22	Best Film on Family Welfare
अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र	24	Best Film on Other Social Issues
पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण/पर सर्वोत्तम कथाचित्र	26	Best Film on Environment/Conservation/Preservation
सर्वोत्तम बाल कथाचित्र	28	Best Children's Film
सर्वोत्तम निर्देशन	30	Best Direction
सर्वोत्तम अभिनेता	32	Best Actor
सर्वोत्तम अभिनेत्री	34	Best Actress
सर्वोत्तम सह-अभिनेता	36	Best Supporting Actor
सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री	38	Best Supporting Actress
सर्वोत्तम बाल कलाकार	40	Best Child Artiste
सर्वोत्तम पार्श्व गायक	42	Best Male Playback Singer
सर्वोत्तम पार्श्व गायिका	44	Best Female Playback Singer
सर्वोत्तम छायांकन	46	Best Cinematography
सर्वोत्तम पटकथा	48	Best Screenplay
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	50	Best Audiography
सर्वोत्तम सम्पादन	52	Best Editing
सर्वोत्तम कला निर्देशन	54	Best Art Direction
सर्वोत्तम वेशभूषा	56	Best Costume Designing
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	58	Best Music Direction
सर्वोत्तम गीत	60	Best Lyrics
निर्णायक मण्डल विशेष पुरस्कार	62	Special Jury Award
सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र	64	Best Feature Film in Bengali
सर्वोत्तम गुजराती कथाचित्र	66	Best Feature Film in Gujarati
सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र	68	Best Feature Film in Hindi
सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र	70	Best Feature Film in Kannada
सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र	72	Best Feature Film in Malayalam

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र	74	Best Feature Film in Marathi
सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र	76	Best Feature Film in Oriya
सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र	78	Best Feature Film in Punjabi
सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र	80	Best Feature Film in Tamil
सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र	82	Best Feature Film in Telugu
विशेष उल्लेख	84	Special Mention
पुरस्कार जो नहीं दिए गए	86	Awards Not Given
ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार	87	**AWARDS FOR NON-FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम गैर-कथाचित्र	88	Best Non-Feature Film
सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानव जातीय फिल्म	90	Best Anthropological/Ethnographic Film
सर्वोत्तम जीवनी फिल्म	92	Best Biographical Film
सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फिल्म	94	Best Arts/Cultural Film
सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म (पर्यावरण तथा परिस्थिति विज्ञान सहित)	96	Best Scientific Film (including Environment and Ecology)
सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फिल्म	98	Best Environment/Conservation/Preservation Film
सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फिल्म	100	Best Promotional Film
सर्वोत्तम कृषि विभाग	102	Best Agricultural Film
सर्वोत्तम ऐतिहासिक पुनर्निमाण/संकलन फिल्म	104	Best Historical Reconstruction/Compilation Film
सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म	106	Best Film on Social Issues
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फिल्म	108	Best Educational/Motivational/Instructional Film
सर्वोत्तम कार्टून फिल्म	110	Best Animation Film
निर्णायक मण्डल विशेष पुरस्कार	112	Special Jury Award
सर्वोत्तम लघु कल्पित फिल्म	114	Best Short Fiction Film
परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म	116	Best Film on Family Welfare
पुरस्कार जो नहीं दिए गए	118	Awards Not Given
सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन पुरस्कार	119	**AWARDS FOR THE BEST WRITING ON CINEMA**
सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक 1989	120	Best Book on Cinema 1989
सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक	122	Best Film Critic
कथासार: कथाचित्र	125	**SYNOPSES: FEATURE FILMS**
अन्ध दिगंत (उड़िया)	127	Andha Diganta (Oriya)
अंकुर मैना और कबूतर (हिन्दी)	128	Ankur Maina Aur Kabootar (Hindi)
बाघ बहादुर (हिन्दी)	129	Bagh Bahadur (Hindi)
बनानी (असमिया)	130	Banani (Assamese)
चांदनी (हिन्दी)	131	Chandni (Hindi)
छन्दनीड़ (बंगला)	132	Chhandaneer (Bengali)
डैडी (हिन्दी)	133	Daddy (Hindi)

गणशत्रु (बंगला)	134	Ganashatru (Bengali)
गीतांजलि (तेलुगु)	135	Geethanjali (Telugu)
जम्बू सवारी (कन्नड़)	136	Jamboo Savaari (Kannada)
काल अभिरती (बंगला)	137	Kaal Abhirati (Bengali)
कलत नाकलत (मराठी)	138	Kalat Nakalat (Marathi)
किरीड़म (मलयालम)	139	Kireedom (Malayalam)
माने (कन्नड़)	140	Mane (Kannada)
मढ़ी दा दीवा (पंजाबी)	141	Marhi da Deeva (Punjabi)
मथिलुकल (मलयालम)	142	Mathilukal (Malayalam)
ओरू वड़क्कन वीरगाथा (मलयालम)	143	Oru Vadakkan Veeragadha (Malayalam)
परशुरामेर कुठार (बंगला)	144	Parashuramer Kuthar (Bengali)
परिंदा (हिन्दी)	145	Parinda (Hindi)
परसी (गुजराती)	146	Percy (Gujarati)
पुदिया पादई (तमिल)	147	Pudhea Padhai (Tamil)
सलीम लंगड़े पे मत रो (हिन्दी)	148	Salim Langde Pe Mat Ro (Hindi)
संध्या रागम (तमिल)	149	Sandhiya Raagam (Tamil)
सन्त शिशुनाला शरीफ (कन्नड़)	150	Santha Shishunala Sharif (Kannada)
सूत्र धारुलू (तेलुगु)	151	Suthra Dhaarulu (Telugu)
उन्नीकुट्टनु जोली किट्टी? (मलयालम)	152	Unnikkuttanu Joli Kitty? (Malayalam)
वोसोबिपो (करबी)	153	Wosobipo (Karbi)

कथासार: ग़ैर-कथाचित्र 155 SYNOPSES: NON-FEATURE FILMS

आर कोतो दिन	157	Aar Koto Din
बैगा	157	Baiga
बेहुला	158	Behula
ब्वॉय और गर्ल-हाऊ?	158	Boy or Girl—How?
सी.वी. रमण-द साइंटिस्ट एन्ड हिज लैगसी	159	C.V. Raman: The Scientist and his Legacy
छापाखानार बांगला हरफ	160	Chhapakhanar Bangla Haraf
इन्टीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट इन कॉटन	160	Integrated Pest Management in Cotton
कलामण्डलम कृष्णनकुट्टी पोडुवल	161	Kalamandalam Krishnankutty Poduval
कथनी करनी एकसी (जमनालाल बजाज)	162	Kathni Karni Eksi (Jamanalal Bajaj)
माई ट्री	163	My Tree
न्यूरोपैथिक फुट इन लैप्रोसी	164	Neuropathic Foot in Leprosy
सेर अलंग	165	Ser Alang
सिद्धेश्वरी	166	Siddheshwari
दि डिअर ऑन द लेक	166	The Deer on the Lake
द लैम्प इन द नीश	167	The Lamp in the Niche
ट्यूना द चिकन ऑफ द सी	167	Tuna: The Chicken of the Sea
यूँ सिखलाएं आखर	168	Yun Sikhlayen Akhar

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

Dada Saheb Phalke Award

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 1989:

लता मंगेशकर

स्वर्ण कमल, 1,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक शॉल

लता मंगेशकर के पहले गुरु उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर थे, जो महाराष्ट्र के जाने माने कलाकार थे। मास्टर दीनानाथ मंगेशकर ने अपनी योग्य पुत्री को संगीत के बारे में वो सब कुछ सिखा दिया जो वह स्वयं जानते थे। लता ने 4 वर्ष की आयु में शास्त्रीय संगीत सीखना शुरू कर दिया और 7 वर्ष की उम्र में उन्होंने पहला संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 1942 में पिता की मृत्यु के बाद लता को ही परिवार का दायित्व उठाना पड़ा। उस समय वे केवल तेरह वर्ष की थीं। अपने पिता की मृत्यु के केवल आठ दिन बाद ही लता को मास्टर विनायक की मराठी फ़िल्म **पाहिली मंगलागोर** में अपनी भूमिका करनी पड़ी। इस फ़िल्म के संगीत निर्देशक दत्ता दावजेकर थे, जिनके निर्देशन में बाद में 1947 में लता ने पार्श्व गायिका के रूप में **आपकी सेवा में** फ़िल्म के लिए अपना पहला गीत गाया। लता की गायन क्षमता को पहचान कर संगीत निर्देशक गुलाम हैदर ने उनसे बम्बई टाकीज़ की फ़िल्मों में गीत गवाये। तब से लता मंगेशकर निरन्तर महानता की सीढ़ियां चढ़ती गई। **मजबूर, पद्मिनी, अन्दाज, लहर, बाज़ार** और **बरसात** फ़िल्मों ने फ़िल्मी संगीत में लता के पांव हमेशा के लिए जमा दिए और वे लाखों संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने लगीं।

गीत गाने के साथ-साथ लता ने अभिनेत्री, निर्माता और संगीत निर्देशक के रूप में भी काम किया। किन्तु उनका वास्तविक कर्म क्षेत्र संगीत ही रहा। 1950 और 1960 के दशकों में उन्होंने प्रमुख मराठी कवियों की रचनाओं को प्रस्तुत किया। 1970 के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में लता ने महाराष्ट्र के सबसे लोकप्रिय मध्य कालीन संत-गायक संत तुका राम के भक्ति गीत रिकार्ड कराये। संस्कृत में भगवत गीता की रिकार्डिंग उनकी महानतम उपलब्धि मानी जाती है। उन्होंने मीराबाई के भजन और ग़ालिब की गजलें भी गाई हैं। लता मंगेशकर को दुनिया में सबसे अधिक संख्या में गीत गाने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने लगभग 15 भाषाओं में 30,000 से अधिक गीत गाये हैं।

भारतीय फिल्म उद्योग में आज भी लता मंगेशकर को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। सिनेमा के बदलते हुए स्वरूप और मूल्यों में भी वर्षों तक लता ने अपनी लोकप्रियता कायम रखी है और फिल्म दर्शकों की तीन पीढ़ियों के बीच बराबर लोकप्रिय बने रह कर अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया है। अधिक प्रशंसनीय बात ये है कि उन्होंने संगीत के स्तर से किसी भी तरह का समझौता किये बिना ये उपलब्धि हासिल की है। 1969 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। फिल्मी दुनिया की चमक-धमक उनके जीवन का अभिन्न अंग है और उनकी आवाज को समूचा भारत अपना मानता है, किन्तु आज भी सादगी, विनम्रता और सौम्यता उनके चरित्र की मुख्य विशेषतायें हैं।

DADA SAHEB PHALKE AWARD 1989:

LATA MANGESHKAR

Swarna Kamal, a cash prize of Rs. 1,00,000 and a shawl.

Lata Mangeshkar's first guru was her father, the well-known stage personality from Maharashtra, Master Dinanath Mangeshkar, who gave everything he knew of music to his gifted daughter. Lata began learning classical music at the age of four and gave her first concert at the age of seven. When her father died in 1942, thirteen-year-old Lata took over the responsibility of supporting the family. Just eight days after her father's death, Lata was to prepare for a role in Master Vinayak's Marathi film PAHILI MANGLAGAUR. The Music Director of the film was Datta Dawjekar, under whom Lata was to sing her first song as a playback singer in 1947, in the film AAP KI SEVA ME. Realizing her potential, Music Director Ghulam Haider introduced her to Bombay Talkies and she has not looked back since. MAJBOOR, PADMINI, ANDAZ, LAHAR, BAZAAR and BARSAAT ensured a future where she would reign supreme over the hearts of millions of music lovers.

Besides singing, Lata has worked as an actress, producer and composer. However, it is in the field of music, both in and out of the cinema, that she has excelled. In the 50s and 60s, she adapted the works of leading Marathi poets and set them to music. In the early 70s, she recorded devotional songs by Sant Tukaram, the most popular medieval saint-singer of Maharashtra. Many consider her recording of the Bhagwad Gita in Sanskrit as her crowning achievement. She has also sung bhajans by Meerabai and Ghalib's ghazals. With her repertoire of more than 30,000 songs in about 15 languages, Lata holds the record for singing the largest number of songs in the world.

Today, many films later, Lata enjoys an important position in Indian film history. She has displayed an inimitable capacity to stay in demand across three generations of film viewers, and retained her popularity through years of changing values, fashions and attitudes in the cinema. What is even more admirable is that she has done so without compromising her uniqueness. She was awarded the Padma Bhushan in 1969. The glamour of show business has been an integral part of her life and her voice belongs to all of India, but she remains a private person, characterized by simplicity, humility and charm.

कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR FEATURE FILMS



आत्मा राम अध्यक्ष
Atma Ram Chairperson

बासु भट्टाचार्य
Basu Bhattacharya

इकबाल मसूद
Iqbal Masud



के.जी. जॉर्ज
K.G. George



सीताकांत मिश्र
Sitakant Misra

जे. महेन्द्रन
J. Mahendran

ए. पुंडरीकक्षय्या
A. Pundarikakshayya

कुन्दन शाह
Kundan Shah



अरिबम श्याम शर्मा
Aribam Syam Sharma

दिलीप कुमार हज़ारिका
Dilip Kumar Hazarika

भीम सेन
Bhim Sain

आर. लक्ष्मन
R. Lakshman

वालमपुरी सोमनाथन
Valampuri Somanathan

सैकत भट्टाचार्य
Saikat Bhattacharya



श्रीकुमारन थम्पी
Sreekumaran Thampi



डी.वी. नरसाराजू
D.V. Narasaraju

ग़ैर-कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR NON-FEATURE FILMS



जगत मुरारी अध्यक्ष
Jagat Murari Chairperson

तपन के. बोस
Tapan K. Bose



संतोष सिवन
Santosh Sivan

घनश्याम महापात्रा
Ghanshyam Mohapatra

परेश मेहता
Paresh Mehta

सर्वोत्तम सिनेमा लेखन निर्णायक मण्डल

JURY FOR THE BEST WRITING ON CINEMA

मृणाल पांडे अध्यक्ष
Mrinal Pande Chairperson

फ़िरोज़ रगूनवाला
Firoze Rangoonwalla



सी. राधाकृष्णन्
C. Radhakrishnan

कथाचित्र पुरस्कार Awards for Feature Films

सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

बाघ बहादुर (हिन्दी)

निर्माता **बुद्धदेब दासगुप्ता** को स्वर्ण कमल और 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **बुद्धदेब दासगुप्ता** को स्वर्ण कमल और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **बाघ बहादुर** को सस्ती और आडम्बरपूर्ण शहरी संस्कृति के कारण ग्रामीण लोक परम्पराओं के निरंतर बिखराव को एक जीवन्त और शौर्यपूर्ण दुखांत कथा के रूप में चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Feature Film

BAGH BAHADUR (Hindi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000 to the Producer, Buddhadeb Dasgupta.

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Director, Buddhadeb Dasgupta.

Citation

The Award for the Best Feature Film of 1989 is given to the Hindi film BAGH BAHADUR for its portrayal of the steady destruction of rural folk traditions at the hands of a cheap and showy urban culture in the form of a cinematically vibrant and heroic classical tragedy.

बुद्धदेब दासगुप्ता फिल्म जगत में प्रवेश करने से पहले 8 वर्ष तक कलकत्ता के एक कालेज में प्राध्यापक रहे। उन्होंने पहली फिल्म **दूरत्व** 1978 में बनाई, जिसे बहुत ख्याति मिली। इस फिल्म के लिए उन्हें उस वर्ष का सर्वोत्तम बंगला फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार और लोकार्नो फिल्म समारोह में स्पेशल क्रिटिक्स अवार्ड मिला। तबसे उनकी फिल्में भारत और विदेशों में सराही गई हैं और उन्हें कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। दासगुप्ता ने अपनी पहली हिन्दी फिल्म **अन्धी गली** 1984 में बनाई। वे लेखक और कवि के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। उनके कई काव्य संग्रह प्रकाशित हुए हैं।



BUDDHADEB DASGUPTA spent eight years as a lecturer in a college in Calcutta before starting on his career in the cinema: His first feature film DOORATWA (1978) won immediate recognition and received the National Award for the best Bengali film of the year as well as the Special Critics Award at the Locarno Film Festival. Since then his films have received much critical acclaim in India and abroad, and won many awards. Although most of his work is in the Bengali language, Dasgupta made his first film in Hindi, ANDHI GALI, in 1984. Dasgupta is also known as a writer and poet. Among the collections of his poems published so far are "Coffin kimba Suitcase", "Heemjoog" and "Chhata Kahini".

द्वितीय सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

परशुरामेर कुठार (बंगला)

निर्माता **धूरजटि प्रसाद मुखर्जी** को रजत कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **नब्येन्दु चट्टोपाध्याय** को रजत कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

द्वितीय सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार बंगला फ़िल्म **परशुरामेर कुठार** को एक शहर के मध्यम वर्ग के राजनीतिक और सामाजिक पाखंड तथा एक महिला के शोषण को अत्यंत मार्मिक ढंग से चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Second Best Feature Film

PARASHURAMER KUTHAR (Bengali)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer, Dhurjati Prasad Mukherji.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director, Nabyendu Chattopadhyay.

Citation

The Award for the Second Best Feature Film of 1989 is given to the Bengali film PARASHURAMER KUTHAR for the moving fashion in which it elaborates the political and social hypocrisy of a town's middle class and its exploitation of a woman who is both the object of desire and the prey.



धूरजटि प्रसाद मुखर्जी कलकत्ता के चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में स्त्री रोग विभाग के अध्यक्ष और चिकित्सा अधीक्षक हैं। वे भारतीय कैंसर विशेषज्ञों के संघ के महा-सचिव हैं तथा इस संस्था की पत्रिका के संपादन में सहयोग देते हैं। वे कलकत्ता के एक नाट्य समूह के भी सक्रिय सदस्य हैं।

नब्येन्दु चट्टोपाध्याय ने अपना फिल्मी जीवन अभिनेता के रूप में आरंभ किया, लेकिन जल्दी ही उन्होंने फिल्म निर्माण को अपना व्यवसाय बना लिया। उनकी पहली फिल्म हिन्दी में **नया रास्ता** 1967 में बनी। इसके बाद 1968 में उन्होंने बंगला फिल्म **अद्वितीय** का निर्माण किया। वे फिल्मों में तरह-तरह के प्रयोग करते रहे हैं और सामाजिक विषयों के प्रति निष्ठा के कारण चर्चित रहे हैं। उनकी फिल्में **चोपर** (1986) और **सरीसृप** (1988) भारत तथा विदेशों में अनेक फिल्म समारोहों में दिखाई गई। चट्टोपाध्याय कवितायें, कहानियाँ और नाटक भी लिखते हैं और अपनी फिल्मों की पटकथा और गीत स्वयं लिखते हैं।



DHURJATI PRASAD MUKHERJI is the Medical Superintendent and Head of the Department of Gynaecology, Chittaranjan National Cancer Institute, Calcutta. He is the joint secretary of the Indian Association of Cancer Chemotherapists and helps to edit its official journal. Outside his profession, he is also an active member of a theatre group in Calcutta.

NABYENDU CHATTOPADHYAY began his professional life as a screen actor, but soon switched to film making. His first film NAYA RASTA was made in Hindi in 1967, followed by ADWITIYA in Bengali in 1968. He has experimented with both form and content in his films and has received critical acclaim for his commitment to socially relevant themes. Of his later films, CHOPPER (1986) and SARISREEP (1988) were shown in various film festivals in India and abroad. Chattopadhyay writes his own scenario and lyrics for his films and is an equally prolific writer of poems, short stories and plays when not involved in making a film.

निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

वोसोबिपो (करबी)

निर्माता **करबी आंगलौंग ज़िला परिषद्** को स्वर्ण कमल और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **गौतम बोरा** को स्वर्ण कमल और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र का 1989 का इंदिरा गांधी पुरस्कार करबी फ़िल्म **वोसोबिपो** को एक पहाड़ी जनजाति की सामूहिक चेतना को नये और मौलिक ढंग से अभिव्यक्त करने के लिए दिया गया है जो पिछले चार दशकों से बिखराव का शिकार हो रही है। यह अनुभूति एक लड़के के माध्यम से व्यक्त हुई है जो अब पुरुष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को समझने लगा है।

Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director

WOSOBIPO (Karbi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Producer, Karbi Anglong District Council.

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Director, Gautam Bora.

Citation

The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director for the year 1989 is given to the Karbi film WOSOBIPO for its fresh and original evocation of the collective unconscious of a hill tribe whose way of life has been disintegrating over the last four decades, as seen through the eyes of a boy growing up into the responsibilities of manhood.

गौतम बोरा ने 1974 में गोहाटी विश्व-विद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। 1983 में उन्होंने पूर्व जर्मनी के एक फिल्म संस्थान से फिल्म और टेलीविजन निर्देशन की डिग्री हासिल की। 1986 में उनका वृतचित्र **वीवर्स आफ द गोल्डन थ्रेड** 29वें लीपज़िग अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भेजा गया और 1987 में इस फिल्म को दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क पर दिखाया गया। बोरा ने असमिया फिल्म **प्रथम रागिनी** में पटकथा लेखक और सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। उन्होंने भबेन्द्रनाथ सैकिया की पुरस्कृत फिल्म **अग्नि स्नान** में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। निर्देशक के रूप में **वोसोबिपो** उनकी पहली फिल्म है।



GAUTAM BORA graduated from Guwahati University in 1973 and received a degree in film and television direction from the Konrad Wolf Institute, Potsdam-Babelsberg, East Germany, in 1983. His documentary film WEAVERS OF THE GOLDEN THREAD (1986) was entered in the 29th Leipzig International Film Festival and was telecast on the national network of Doordarshan in March 1987. Bora has worked as a scriptwriter and Associate Director in the Assamese film PRATHAM RAGINI which received a Rajat Kamal for 1987, and as Assistant Director in Dr. Bhaben Saikia's award-winning AGNISNAAN. WOSOBIPO is his first directorial venture.

लोकप्रिय एवम् स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार

चांदनी (हिन्दी)
और
गीतांजलि (तेलुगु)

निर्माता **यश चोपड़ा (चांदनी)** और **मैसर्स भाग्यलक्ष्मी एंटरप्राईसिस (गीतांजलि)** को स्वर्ण कमल और 40,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **यश चोपड़ा (चांदनी)** और **मणि रत्नम् (गीतांजलि)** को स्वर्ण कमल तथा 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **चांदनी** को स्वच्छ और रोमांसपूर्ण मनोरंजन के साथ-साथ स्वाभाविक अभिनय तथा लोकधुनों पर आधारित मधुर गीतों के लिए दिया गया है।

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार तेलुगु फिल्म **गीतांजलि** को भी युवा भावनाओं को अभिनव और कल्पनापूर्ण दृष्टिकोण के साथ चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Film Providing Popular and Wholesome Entertainment

CHANDNI (Hindi)
and
GITHANJALI (Telugu)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000 to the Producers, Yash Chopra (for CHANDNI) and M/s Bhagyalakshmi Enterprises (for GITHANJALI).

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Directors, Yash Chopra (for CHANDNI) and Mani Rathnam (for GITHANJALI).

Citation

The Award for the Best Film Providing Entertainment for the year 1989 is given to the Hindi film CHANDNI for providing clean, romantic entertainment illuminated with smooth performances and fresh lyrics in folk form.

The Award for the Best Film Providing Entertainment for the year 1989 is also given to the Telugu film GITHANJALI for its innovative approach in depicting youthful passion.



यश चोपड़ा का जन्म 1932 में जालन्धर में हुआ। उन्होंने 1958 में सबसे पहले हिन्दी फिल्म **धूल का फूल** का निर्देशन किया। यश चोपड़ा ने कई लोकप्रिय फिल्मों का निर्देशन करने के बाद 1971 में अपनी फिल्म निर्माण कम्पनी बनाई। 1965, 1967, 1973 और 1975 में उन्हें सर्वोत्तम निर्देशन का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। यश चोपड़ा की कुछ प्रसिद्ध फिल्में हैं **वक्त** (1965), **आदमी और इंसान** (1970), **दीवार** (1975), **कभी-कभी** (1976), **नूरी** (1979) और **सिलसिला** (1981)।

मणि रत्नम बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त हैं। **मणि रत्नम्** ने सबसे पहले कन्नड़ फिल्म **पल्लवी अनु पल्लवी** का निर्देशन किया। उन्होंने मलयालम **उनारु** और तमिल में **पगल निलाव** तथा **इधाया कोइल** का निर्देशन किया। इसके बाद उन्होंने **मौन रागम्** फिल्म बनाई जिसे सर्वोत्तम तमिल फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार और सर्वोत्तम क्षेत्रीय फिल्म तथा निर्देशन का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। उनकी फिल्म **नायकन** बहुत प्रसिद्ध हुई और उसके नायक कमल हासन को सर्वोत्तम अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1988 में उनकी फिल्म **अग्नि नच्चतीरम्** अत्यन्त लोकप्रिय हुई। इस फिल्म की कहानी और पटकथा मणि रत्नम् ने स्वयं लिखी।

YASH RAJ CHOPRA was born in Jullundhar in 1932. He directed his first film in Hindi, DHOOL KA PHOOL, in 1958. His association with the Bombay film industry has been long and eventful and throughout his career his films have enjoyed great popularity with the audience. He started his own production company in 1971 and received Filmfare Awards for Best Direction in 1965, 1969, 1973 and 1975. He is a member of the Film Producers Guild of India Limited, the Indian Film Directors Association, and the Association of Motion Picture Studios. Included among his most well-known films are WAQT (1965), AADMI AUR INSAAN (1970), DEEWAR (1975), KABHI KABHIE (1976), NOORIE (produced by him in 1979) and SILSILA (1981).

MANI RATHNAM did a Masters in Business Administration before his first directorial venture PALLAVI ANU PALLAVI in Kannada. He then directed UNARU in Malayalam and PAGAL NILAVU and IDHAYA KOIL in Tamil. MOUNA RAGAM, his next film, won the National Award for the Best Tamil Film of the year and received the Filmfare Award for the Best Regional Film and the Best Director. His NAYAKAN not only won great critical acclaim but also brought to its hero Kamalhasan the Best Actor Award in the National Awards. His AGNI NATCHATIRAM, made in 1988, is a box-office hit and has had a Silver Jubilee run. Mani Rathnam was responsible for the story and screenplay as well as the direction of the film.

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नर्गिस दत्त पुरस्कार

संत शिशुनाला शरीफ़ (कन्नड़)

निर्माता **मैसर्स यजमान एंटरप्राईसिस** को रजत कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक **टी.एस. नागभरण** को रजत कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए 1989 का नर्गिस दत्त पुरस्कार कन्नड़ फिल्म **सन्त शिशुनाला शरीफ़** को एक ऐसे सुप्रसिद्ध मुसलमान संत के जीवन और भजनों के माध्यम से धार्मिक एकता का चित्रण करने के लिए दिया गया है, जो एक हिन्दू गुरू के शिष्य थे।

Nargis Dutt Award for the Best Feature Film on National Integration

SANTHA SHISHUNALA SHARIF (Kannada)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer, M/s Yajaman Enterprises.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director, T.S. Nagabharana.

Citation

The Nargis Dutt Award for the Best Feature Film on National Integration for the year 1989 is given to the Kannada film SANTHA SHISHUNALA SHARIF for its depiction of unity of religions at the popular-mystical level illustrated by the life and lyrics of a famous Muslim saint who had a Hindu guru.

टी.एस. नागभरण ने बी.वी. कारन्त और गिरीश कर्नाड जैसे निर्देशकों से फिल्म कला का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने अपनी पहली फीचर फिल्म **ग्रहण** 1970 में बनाई जिसके लिये उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 1980 में उनकी फिल्म **अन्वेषण** और 1984 में **बैंकर मार्गय्या** को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उनकी फिल्मों में सामाजिक समस्याओं को चित्रित किया जाता है और वे चालू मसालों का इस्तेमाल किये बिना सफल और लोकप्रिय फिल्में बनाने में निपुण हैं। उन्होंने अनेक लघु फिल्मों तथा वृत्त चित्रों का भी निर्देशन किया है।



T.S. NAGABHARANA worked in the early years of his apprenticeship with B.V. Karanth and Girish Karnad among others. His first feature film GRAHANA (1978) won a National Award. His ANVESHANE (1980) also won a National Award as did BANKER MARGAYYA in 1984. His films display his social commitment and have been successful without taking recourse to compromises to popular appeal. He has also made many short films and a number of documentaries for government and research institutes.

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

संध्या रागम् (तमिल)

निर्माता **बालू महेन्द्र** (दूरदर्शन के लिए) को रजत कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **बालू महेन्द्र** को रजत कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार तमिल फ़िल्म **संध्या रागम्** को ऐसे व्यक्ति के जीवन का मानवीय ढंग से चित्रण करने के लिए दिया गया है जो दुख, संकल्प और सूझ-बूझ के बल पर वृद्धावस्था की समस्या से समझौता करता है।

Award for the Best Film on Family Welfare

SANDHIYA RAAGAM (Tamil)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer, Balu Mahendra (a Doordarshan Production).

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director, Balu Mahendra.

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1989 is given to the Tamil film SANDHIYA RAAGAM for the humanity with which it traces a character coming to terms with the problem of old age through suffering, resolution and understanding.

बालू महेन्द्र भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान के एक प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। उन्होंने निर्देशक के रूप में 1976 में अपनी योग्यता का परिचय दिया। इससे पहले वे रामू करियत, पी.एन. मेनन, बापू और के. विश्वनाथ जैसे निर्देशकों के साथ छायाकार के रूप में काम करते रहे। वे अपनी फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ-साथ सम्पादन और छायांकन भी स्वयं करते हैं। छायाकार के रूप में उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्में हैं—**नेल्लू, प्रयाणम्, शंकराभरणम** और **मुल्लुम मलारूम।** उनके निर्देशन में बनी फिल्मों—**कोकिला** और **मुंडरम पिराई** को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उनकी फिल्म **वीडू** में अर्चना को सर्वोत्तम अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार और सर्वोत्तम तमिल फिल्म का पुरस्कार प्राप्त हुआ। बालू महेन्द्र ने 5 भाषाओं में फिल्मों का निर्देशन किया है।



BALU MAHENDRA was a brilliant student of the Film and Television Institute of India and has worked with directors like Ramu Kariat, P.N. Menon, Bapu and K. Vishwanath as an independent cinematographer. His first directorial venture came in 1976. Since then, he has continued to write the screenplays of his films along with editing and photographing them. Some of his important films as a cinematographer are NELLU, PRAYANAM, SANKARABHARANAM and MULLUM MALARUM. Among his directorial efforts are KOKILA and MOONDRUM PIRAI, both National Award winners, OLANGAL, OOMAI KUYIL, NIREEKSHANA and VEEDU for which Archana received the Best Actress Award in the 1988 National Awards. VEEDU was also judged the Best Tamil Film of the year. Mahendra has received many National and State Awards for Best Cinematography and the films directed by him display his versatility in five Indian languages.

अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार

उन्नीकुट्टनु जोली किट्टी? (मलयालम)

निर्माता **वी.आर. गोपीनाथ** को रजत कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **वी.आर. गोपीनाथ** को रजत कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार मलयालम फिल्म **उन्नीकुट्टनु जोली किट्टी?** को एक ऐसे बेरोज़गार युवक के यथार्थ चित्रण के लिए दिया गया है जो समाज के उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण के कारण पूरी तरह निकम्मा बन जाता है।

Award for the Best Film on Other Social Issues such as prohibition, women and child welfare, anti-dowry, drug abuse, etc.

UNNIKKUTTANU JOLI KITTY? (Malayalam)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer, V.R. Gopinath.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director, V.R. Gopinath.

Citation

The Award for the Best Film on Other Social Issues for 1989 is given to the Malayalam film UNNIKKUTTANU JOLI KITTY? for its bleak narration of an unemployed youth becoming an unemployable due to callous social attitudes.

वी.आर. गोपीनाथ ने भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान से प्रशिक्षण लिया। उन्होंने 21 लघु फिल्मों और 3 कथाचित्रों की पटकथा लिखी और निर्देशन किया है। उनकी दो फिल्में **ग्रीष्मम** तथा **औरु मेमासप्पुलरियिल** भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भारतीय पैनोरामा वर्ग में दिखाई गई। उनकी फिल्मों की काफी सराहना की गई और उन्हें देश-विदेश में कई पुरस्कार मिले हैं।



V.R. GOPINATH is a product of the Film and Television Institute of India and has scripted and directed twenty-one short films and three feature films. Two of his films, GREESHMAM and ORU MAYMASAPPULARIYIL, have been shown in the Indian Panorama section of the International Film Festival of India. His work has received critical acclaim as well as its share of awards in India and abroad.

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार

बनानी (असमिया)

निर्माता **मैसर्स पूर्वांचल फ़िल्म कोआप्रेटिव सोसाइटी लि.** को रजत कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **जाहनू बरुआ** को रजत कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फ़िल्म का 1989 का पुरस्कार असमिया फ़िल्म **बनानी** को वनों के विनाश के विरुद्ध एक वन-अधिकारी के संघर्ष को कुशलता पूर्वक चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Film on Environment/ Conservation/Preservation

BANANI (Assamese)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer, M/s Purbanchal Film Co-operative Society Ltd.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director, Jahnu Barua.

Citation

The Award for the Best Film on Environment/Conservation/Preservation for 1989 is given to the Assamese film BANANI for its delicate and nuanced description of a forest official's struggle against mercenary and bureaucratic despoilation of forests.

जाहनू बरुआ ने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। 1974 में उन्होंने भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया। बाद में वे भारतीय अंतरिक्ष संगठन में भर्ती हो गये और उन्होंने उपग्रह शिक्षा टेलीविज़न प्रयोग परियोजना के अंतर्गत बच्चों के लिए 100 से अधिक विज्ञान कार्यक्रम तैयार किये। 1982 में उन्होंने अपने पहले कथाचित्र **अपरुपा** का निर्माण और निर्देशन किया। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला और इसका हिन्दी में फिर से निर्माण किया गया। उन्होंने 1986 में **पापोरी** और 1987 में **हलोधिया चोराय बाओधान खाये** फिल्में बनाई। इन दोनों फिल्मों को भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भारतीय पैनोरामा वर्ग में दिखाया गया। **हलोधिया चोराय बाओधान खाए** को 1987 में सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



JAHNU BARUA is a science graduate from Guwahati University, Assam and received his diploma in film direction from the Film and Television Institute of India in 1974. He later joined the Indian Space Research Organization and produced more than one hundred science programmes for children under the Satellite Instructional Television Experiment project. He produced and directed his first feature film APAROOPA in 1982. The film won the National Award and was remade in Hindi. His later films are PAPORI, made in 1986 and HALODHIA CHORAYE BAODHAN KHAI made in 1987.

सर्वोत्तम बाल फ़िल्म पुरस्कार

अंकुर मैना और कबूतर (हिन्दी)

जम्बू सवारी (कन्नड़)

निर्माता **भारतीय बालचित्र समिति (अंकुर मैना और कबूतर)** तथा **के.एस.एल. स्वामे (ललिता रवि) (जम्बू सवारी)** को स्वर्ण कमल और 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **मदन बावरिया (अंकुर मैना और कबूतर)** तथा **के.एस.एल. स्वामे (ललिता रवि) (जम्बू सवारी)** को स्वर्ण कमल और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल फ़िल्म का 1989 का पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **अंकुर मैना और कबूतर** को मॉरिशस के प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीवन के संरक्षण के लिए संघर्ष में बच्चों के सहयोग को चित्रित करने के लिए दिया गया है।

सर्वोत्तम बाल फ़िल्म का 1989 का पुरस्कार कन्नड़ फ़िल्म **जम्बू सवारी** को भी दिया गया है जिसमें एक वन्य प्राणी के प्रति बच्चे के सहज लगाव और आधुनिक विश्व में मनुष्य और जानवरों के सम्बंधों की वास्तविकता के बीच संघर्ष और उसके समाधान को चित्रित किया गया है।

Award for the Best Children's Film

ANKUR MAINA AUR KABOOTAR (Hindi) and JAMBOO SAVAARI (Kannada)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producers, Children's Film Society of India (for ANKUR MAINA AUR KABOOTAR) and K.S.L. Swame (Lalitha Ravee) (for JAMBOO SAVAARI).

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Directors, Madan Bawaria (for ANKUR MAINA AUR KABOOTAR) and K.S.L. Swame (Lalitha Ravee) (for JAMBOO SAVAARI).

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1989 is given to the Hindi film ANKUR MAINA AUR KABOOTAR for its involvement of children in the fight for preservation of wildlife in the exotically shot isle of Mauritius.

The Award for the Best Children's Film of 1989 is also given to the Kannada film JAMBOO SAVAARI for the way in which it establishes the conflict between a child's instinctive love for a wild animal and the reality of man-animal relationships in the modern world, along with the resolution of that conflict.

मदन बावरिया ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने अनेक लघु फिल्मों और वृत्त चित्रों की पटकथा लिखी और निर्देशन किया है। इनमें **बब्बल्स, सुमन, सफर** शामिल हैं। उन्होंने **प्रीत** और **शायद** कथाचित्र बनाये हैं। धारावाहिक **एक कहानी** के अन्तर्गत उन्होंने दो टेली-फिल्मों का भी निर्देशन किया। मदन बावरिया ने प्रेम कपूर, प्रयागराज और बासु चट्टर्जी के साथ सहायक निर्देशक के रूप में काम किया है तथा विष्णु माथुर की फिल्म **पहला अध्याय** और दूरदर्शन धारावाहिक **राग दरबारी** में अभिनय भी किया है।

के.एस.एल. स्वामे (ललिता रवि) ने लगभग 40 फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी गिनती कन्नड़ सिनेमा के जाने-माने निर्देशकों में की जाती है। उन्होंने सामाजिक तथा पौराणिक विषयों के साथ-साथ लोक जीवन, साहसिक कार्यों तथा जीवनी सम्बन्धी फिल्मों का भी निर्माण किया है। उन्होंने अपनी कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया है और वे पार्श्व गायक भी हैं। उन्होंने निर्देशन का प्रशिक्षण प्रसिद्ध निर्देशक जी.वी. अय्यर से प्राप्त किया। ललिता रवि ने स्वतंत्र रूप से पहली बार 1966 में **तुगुदीपा** फिल्म का निर्देशन किया। उनकी कुछ प्रसिद्ध फिल्में हैं:- **अरासीना कुमकुम, आरु मूरु ओमबातु, मौथिले सीतेयरू** और **अलुकु**। उन्होंने शास्त्रीय संगीतकारों के जीवन पर आधारित एक फिल्म **मलाया मारुता** का निर्माण किया, जिसके लिये फिल्म के संगीत निर्देशक विजय भास्कर को सुर श्रृंगार संसद का पुरस्कार मिला। ललिता रवि फिल्म उद्योग की गई समितियों के सदस्य भी हैं।

MADAN BAWARIA has a diploma in direction from the Film and Television Institute of India. He has written and directed many short films and documentaries, including BUBBLES, SUMAN, SAFAR (short films), PREET and SHAAYAD (feature films) and two telefilms as part of the series EK KAHANI. He has worked as Assistant Director with Prem Kapoor, Prayag Raj and Basu Chatterjee and has acted in character roles in Vishnu Mathur's PAHELA ADHYAYA and Krishna Raghav's television serial, RAAG DARBARI.

K.S.L. SWAME (LALITHA RAVEE) has directed nearly forty films and is one of the most well-known directors of Kannada cinema. His films have covered a wide range of themes, including social, mythological, folk, biographical and adventure dramas. He has also acted in some of his films and made a name as a playback singer. His training in the cinema was under the celebrated director G.V. Iyer and his first directorial venture was THOOGUDEEPA in 1966. Among his best-known films are ARASINA KUMKUMA, AARU MOORU OMBATHU, ALUKU, MITHILEYA SEETHEYARU and the musical MALAYA MARUTHA based on the life of a classical musician which won the Sur Sringar Sansad Award for his music director Vijayabhaskar. Ravee is actively involved in various committees set up by the film industry.

सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार

अडूर गोपालकृष्णन्

निर्देशक **अडूर गोपालकृष्णन्** को स्वर्ण कमल और 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम निर्देशन का 1989 का पुरस्कार **अडूर गोपालकृष्णन्** को उनकी मलयालम फ़िल्म **मथिलुकल** में सुप्रसिद्ध लेखक वैक्कम मोहम्मद बशीर के जेल जीवन पर आधारित कहानी की मूल चेतना को सफलता पूर्वक चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Direction

ADOOR GOPALAKRISHNAN

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000 to the Director, ADOOR GOPALAKRISHNAN.

Citation

The Award for the Best Direction of 1989 is given to ADOOR GOPALAKRISHNAN for his work in the Malayalam film MATHILUKAL for successfully capturing the spirit of the short story on his prison days by the celebrated writer Vaikkom Mohammed Basheer.

अडूर गोपालकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहाँ कथकली परम्परा कई पीढ़ियों से प्रचलित है। वे प्रारम्भ से ही नाटकों से जुड़े रहे और उन्होंने अभिनेता, नाटककार तथा मंच निर्देशक के रूप में काम किया। 1965 में भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान से पटकथा लेखन और निर्देशन की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने केरल में चित्रलेखा फिल्म सोसाईटी का निर्माण करके राज्य में सहकारी फिल्म आंदोलन का श्रीगणेश किया और कला फिल्मों के निर्माण, वितरण और प्रदर्शन की दिशा में देश का पहला सहकारी प्रयास भी किया। उन्होंने 6 कथाचित्रों का निर्देशन किया है तथा कई लघु फिल्में और वृत्त चित्र बनाये हैं। उनकी कई फिल्मों को पुरस्कार मिले हैं और वे विश्व भर में भारत के सर्वाधिक कुशल निर्देशकों में गिने जाते हैं।

ADOOR GOPALAKRISHNAN was born in a family which traditionally patronized and practised Kathakali. He grew up in close association with the stage as actor, playwright and stage director. Graduating in script-writing and direction from the Film and Television Institute of India in 1965, Gopalakrishnan pioneered the film society movement in Kerala by starting the Chitralekha Film Society and India's first cooperative for the production, distribution and exhibition of artistic films. He has written and directed six feature films and many short films and documentaries. His ELIPPATHAYAM won the BFI Award and his MUKHAMUKHAM and ANANTARAM won the FIPRESCI prizes. Highly acclaimed by critics the world over, Gopalakrishnan is today considered one of the most important directors from India.

सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार

मम्मूटी

अभिनेता **मम्मूटी** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1989 का पुरस्कार **मम्मूटी** को मलयालम फ़िल्मों **मथिलुकल** तथा **ओरू वडक्कन वीरगाथा** में बहुमुखी भूमिकायें सफलतापूर्वक निभाने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Actor

MAMMOOTTY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Actor, MAMMOOTTY.

Citation

The Award for the Best Actor of 1989 is given to MAMMOOTTY for successfully portraying the multifaceted roles in the Malayalam films MATHILUKAL and ORU VADAKKAN VEERAGADHA.

मम्मूटी मलयालम फिल्मों के संभवतः सर्वाधिक लोकप्रिय अभिनेता हैं। उन्होंने 250 से अधिक फिल्मों में काम किया है। उनका फिल्मी जीवन आज़ाद के निर्देशन में बनी फिल्म **विल्कानुंडू स्वप्नांगल** से आरम्भ हुआ। के.जी. जार्ज की फिल्मों **मेला** और **यवनिका** से उन्हें व्यापक प्रसिद्धि मिली। फिल्मों में अभिनय शुरू करने से पहले मम्मूटी वकालत करते थे। उन्होंने लोकप्रिय सिनेमा तथा गंभीर कलात्मक फिल्मों में अभिनय करते हुए अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने अडूर गोपालकृष्णन की कलात्मक फिल्म **अनंतरम** में भी अभिनय किया है।



MAMMOOTTY is probably the most popular actor of the Malayalam cinema, with more than 250 films to his credit. His film career began with VILKANUNDU SWAPNANGAL directed by Azad and K.G. George's MELA and YAVANIKA established him on the silver screen. A film society enthusiast in his student days, Mammootty was a practising lawyer before he took to acting. He has displayed his tremendous versatility as an actor both in the popular cinema as well as in serious and artistic films, such as Adoor Gopalakrishnan's earlier film ANANTARAM.

सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार

श्रीलेखा मुखर्जी

अभिनेत्री **श्रीलेखा मुखर्जी** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेत्री का 1989 का पुरस्कार **श्रीलेखा मुखर्जी** को बंगला फ़िल्म **परशुरामेर कुठार** में एक ऐसी असहाय महिला की वेदना और पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिया गया है जिसे समाज पापमय जीवन की ओर धकेल देता है।

Award for the Best Actress

SREELEKHA MUKHERJI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Actress, SREELEKHA MUKHERJI.

Citation

The Award for the Best Actress of 1989 is given to SREELEKHA MUKHERJI for her performance in the Bengali film PARASHURAMER KUTHAR, bringing out the agony and pain of a helpless woman forced by society to live an ignoble life.

श्रीलेखा मुखर्जी का लालन-पालन संगीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के वातावरण में हुआ। स्कूल की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने कलकत्ता में रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया, जहाँ से उन्होंने गायन संगीत में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की। गायिका होने के साथ-साथ वे संगीत की शिक्षा भी देती हैं। **परशुरामेर कुठार** में उन्होंने पहली बार अभिनय किया है।

SREELEKHA MUKHERJI grew up in an atmosphere of music and other cultural activities. After leaving school she joined the Rabindra Bharati University in Calcutta from where she received her Masters degree in vocal music. Music remains her first commitment and she has performed as a singer and taught music. PARASHURAMER KUTHAR is her first appearance in front of a camera.

सर्वोत्तम सह-अभिनेता पुरस्कार

नाना पाटेकर

सह-अभिनेता **नाना पाटेकर** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेता का 1989 का पुरस्कार **नाना पाटेकर** को हिन्दी फ़िल्म **परिंदा** में एक मनोरोगी के चरित्र का अद्वितीय ढंग से अभिनय करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Supporting Actor

NANA PATEKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Supporting Actor, NANA PATEKAR.

Citation

The Award for the Best Supporting Actor of 1989 is given to NANA PATEKAR for his unique portrayal of a psychotic character in the Hindi film PARINDA.

नाना पाटेकर गत 15 वर्षों से मंच अभिनय से जुड़े हुए हैं। **पाहिजे जातिचे, पुरुष** तथा **महासागर** नाटकों द्वारा वे एक अभिनेता के रूप में प्रसिद्ध हुए। सिनेमा से भी काफी समय से सम्बद्ध रहे हैं तथा पिछले दस वर्षों में लगभग 15 हिन्दी एवं मराठी फिल्मों में अभिनय किया है। **रघु-मैना** तथा **गढ-जेजुरी** फिल्मों में सर्वोत्तम अभिनय के लिए उन्हें राज्य पुरस्कार भी मिला है। उनकी प्रमुख फिल्में **सलाम बाम्बे, अंकुश, प्रतिघात** एवं **परिंदा** हैं।



NANA PATEKAR has been acting on the stage for the last fifteen years. Plays such as "Pahije Jatiche", "Purush" and "Mahasagar" established him as an actor of repute. His association with the cinema too goes back a long way. Over a period of ten years he has acted in at least fifteen Marathi and Hindi films. He won the State Award for the Best Actor for his performance in RAGHU-MAINA and GAD-JEJURI. Among his most well-known films are SALAAM BOMBAY, ANKUSH, PRATIGHAAT and PARINDA.

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री पुरस्कार

मनोरमा

सह-अभिनेत्री **मनोरमा** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री का 1989 का पुरस्कार **मनोरमा** को तमिल फ़िल्म **पुदिया पादई** में बहुमुखी अभिनय क्षमता का परिचय देने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Supporting Actress

MANORAMA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Supporting Actress, MANORAMA.

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1989 is given to MANORAMA for the versatility shown in the Tamil film PUDHEA PADHAI.

मनोरमा की अभिनेत्री के रूप में पहली सफल फिल्म **मलाई इत्ता मंगाई** थी जो 1958 में बनी थी। उन्होंने एक हजार से भी अधिक फिल्मों में अभिनय करके अपनी तरह का विश्व रिकार्ड कायम किया है। उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं। वे सफल रंगमंच अभिनेत्री के साथ-साथ लोकप्रिय गायिका भी हैं। मनोरमा को तमिल नाडु के तीन मुख्य मंत्रियों अन्ना दुरई, करुणानिधि और एम.जी. रामचन्द्रन के साथ अभिनय करने का गौरव प्राप्त है। वे टेलीविज़न कार्यक्रमों में भी बढ़-बढ़ कर भाग लेती हैं।

MANORAMA's first success as an actress was in MALAI ITTA MANGAI in 1958. Since then she has acted in more than 1000 films and set a world record in the process. A recipient of the Kalaimamani Award and the Kalaivanar Award, Manorama has also been a successful stage actress and a popular singer. A familiar figure on Madras television, Manorama also has the distinction of having acted with three Tamil Nadu Chief Ministers—Annadurai, Karunanidhi and M.G. Ramachandran.

सर्वोत्तम बाल कलाकार पुरस्कार

मृण्मयी चंदोरकर

बाल कलाकार **मृण्मयी चंदोरकर** को रजत कमल और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कलाकार का 1989 का पुरस्कार **मृण्मयी चंदोरकर** को मराठी फ़िल्म **कलत नाकलत** में सहज और स्वभाविक अभिनय के लिए दिया गया है।

Award for the Best Child Artiste

MRINMAYEE CHANDORKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000 to the Child Artiste, MRINMAYEE CHANDORKAR.

Citation

The Award for the Best Child Artiste of 1989 is given to MRINMAYEE CHANDORKAR for her innocent and spontaneous portrayal in the Marathi film KALAT NAKALAT.

मृण्यमी चंदोरकर केवल 5 साल की बच्ची है और एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। **कलत नाकलत** उनकी पहली फिल्म है।

MRINMAYEE CHANDORKAR is only five years old and studies in a primary school. KALAT NAKALAT is her first film.

सर्वोत्तम पार्श्व गायक पुरस्कार

अजय चक्रवर्ती

पार्श्व गायक **अजय चक्रवर्ती** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायक का 1989 का पुरस्कार **अजय चक्रवर्ती** को बंगला फ़िल्म **छन्दनीड़** में शास्त्रीय संगीत पर अपने अधिकार के बल पर गायन में भावनाओं की अद्‌भुत गहराई लाने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Male Playback Singer

AJOY CHAKRABORTY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Male Playback Singer, AJOY CHAKRABORTY.

Citation

The Award for the Best Male Playback Singer of 1989 is given to AJOY CHAKRABORTY for bringing a rare depth of emotion, adorned by his command of the classical idiom, in the Bengali film CHHANDANEER.

अजय चक्रवर्ती ने रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की तथा संगीत शोध अकादमी, कलकत्ता में प्राध्यापक भी हैं। स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता, अजय चक्रवर्ती अकादमी के अधिसदस्य हैं तथा उत्तरी भारत के पटियाला-कसूर घराना गायन के व्याख्याता हैं। शास्त्रीय संगीत विशिष्ठता के साथ-साथ, अजय चक्रवर्ती पार्श्व गायन में बहुत लोकप्रिय हैं तथा इसके लिए राज्य पुरस्कार भी प्राप्त किया है। वे पन्नालाल सामन्त, कनाईदास बैरागी, पद्मभूषण पंडित ज्ञान प्रकाश घोष तथा उस्ताद मुनववर अलि खान के शिष्य रहे हैं। 1981 एवं 1983 में इन्होंने अमेरिका की अमीर-खुसरो सोसाईटी में अध्यापन कार्य किया तथा 1985 में अमेरिका में आयोजित भारत महोत्सव में भी भाग लिया है।

AJOY CHAKRABORTY completed his post-graduation in music from Rabindra Bharati University and is a member of the faculty of the Sangeet Research Academy in Calcutta. A gold-medallist and a Fellow of the Academy, he is an exponent of the Patiala-Kasoor Gharana of North Indian vocal classical music. With his expertise in light classical music as well, Chakraborty has proved to be a highly successful playback singer and received State Awards for his performance. He has been a pupil of Pannalal Samanta, Kanaidas Bairagi, Padamabhushan Pandit Jnan Prakash Ghosh and Ustad Munawar Ali Khan. In 1981 and 1983, he taught at the Amir-Khusrau Society of America and, in 1985, he participated in the Festival of India in the USA.

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका पुरस्कार

अनुराधा पौडवाल

पार्श्व गायिका **अनुराधा पौडवाल** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका का 1989 का पुरस्कार **अनुराधा पौडवाल** को मराठी फ़िल्म **कलत नाकलत** में स्पष्टता और माधुर्य के साथ गीत गाने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Female Playback Singer

ANURADHA PAUDWAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Female Playback Singer, ANURADHA PAUDWAL.

Citation

The Award for the Best Female Playback Singer of 1989 is given to ANURADHA PAUDWAL for her clear and mellifluous rendering of the songs in the Marathi film KALAT NAKALAT.

अनुधारा पौडवाल का जन्म 1954 में बम्बई में हुआ। फिल्म उद्योग से बाहर उन्होंने गायन प्रारम्भ किया। मराठी फिल्म से गायन प्रारम्भ किया तथा हिन्दी फिल्म उद्योग में **आप बीती** फिल्म से प्रसिद्धि प्राप्त की। बाद में जिन फिल्मों के लिए अनुराधा ने गीत गाए उनके अधिकतर संगीत निर्देशक लक्ष्मीकांत एवं प्यारेलाल रहे हैं। जिन फिल्मों में उनके गीत अधिक लोकप्रिय हुए, वे हैं: **अभिमान, दोस्त मजा मस्त** (मराठी) **लाल दुपट्टा मलमल का, जीना तेरी गली में, आई मिलन की रात** (हिन्दी)। फिल्मों के अतिरिक्त उन्होंने गीत, गजल एवं भजन तथा मराठी में भक्ति गीत भी गाए हैं। उन्होंने राजस्थानी, बंगला, उड़िया और हरियाणवी भाषाओं में भी गीत गाएं हैं।

ANURADHA PAUDWAL was born in Bombay in 1954. She began her career as a vocalist outside the film industry. Her first appearance as a playback singer was in a Marathi film and she established herself in the Hindi film industry with her first solo in the film AAP BEETI. The Music Directors for the film were Laxmikant and Pyarelal, for whom Anuradha was to sing many popular pieces in later years. Films in which her songs were highly appreciated include ABHIMAN and DOST MAZHA MAST in Marathi and LAL DUPATTA MALMAL KA, JEENA TERI GALI MEIN and AAYEE MILAN KI RAAT in Hindi. Her repertoire outside the film industry includes geets, ghazals and bhajans as well as devotional music in Marathi. She has also sung in Rajasthani, Bengali, Oriya and Haryanvi.

सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार

वीरेन्द्र सैनी

छायाकार **वीरेन्द्र सैनी** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

फ़िल्म की प्रोसेसिंग करने वाली प्रयोगशाला **मैसर्स ऐडलैब्स, बम्बई** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम छायांकन का 1989 का पुरस्कार **वीरेन्द्र सैनी** को हिन्दी फ़िल्म **सलीम लंगड़े पे मत रो** की विशेष प्रकृति को उभारने में उच्चकोटि के तकनीकी कौशल का परिचय देने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Cinematography

VIRENDRA SAINI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Cameraman, VIRENDRA SAINI.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the laboratory processing the film, M/s Ad-Labs.

Citation

The Award for the Best Cinematography of 1989 is given to VIRENDRA SAINI for the high technical skill shown in evoking the special ethos of the Hindi film SALIM LANGDE PE MAT RO.

वीरेन्द्र सैनी ने 1976 में भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से छायांकन का प्रशिक्षण लेने के बाद युक्त फिल्म सहकारी समिति की सदस्यता ग्रहण कर ली जिसने उसी साल **घासी राम कोतवाल** फिल्म का निर्माण किया। तब से वे मणि कौल, सई पंराजपे, सईद मिर्ज़ा, कुन्दन शाह, विधु विनोद चोपड़ा और भीम सेन जैसे श्रेष्ठ युवा निर्देशकों के साथ छायाकार के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने 14 कथाचित्रों और कथाचित्र जितनी लम्बाई के वृत्त चित्रों तथा 6 दूरदर्शन धारावाहिकों का छायांकन किया है। उन्होंने दूरदर्शन के लिए सियोल ओलम्पिक के बारे में एक फिल्म का निर्देशन किया। इस समय वे भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए विशेष क्षेत्र खेल कार्यक्रम के बारे में तैयार किये जा रहे धारावाहिकों **क्वेस्ट फार गोल्ड** का निर्देशन कर रहे हैं।



VIRENDRA SAINI graduated in cinematography in 1976 from the Film and Television Institute of India and became a member of the Yukt Film Cooperative Society which produced GHASIRAM KOTWAL the same year. Since then he has worked as a cinematographer with some of the best younger directors in the country—Mani Kaul, Sai Paranjpye, Saeed Mirza, Kundan Shah, Vidhu Vinod Chopra and Bhim Sain—and in 14 feature films and feature-length documentaries and six tele-serials. He has also directed THE CURTAIN-RAISER ON SEOUL OLYMPICS: 1988 for Doordarshan and is now directing a six episode television serial, QUEST FOR GOLD, on the Special Area Games Programme for the Sports Authority of India.

सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार

एम.टी. वासुदेवन नायर

पटकथा लेखक **एम.टी. वासुदेवन नायर** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पटकथा का 1989 का पुरस्कार **एम.टी. वासुदेवन नायर** को मलयालम फ़िल्म **ओरू वडक्कन वीरगाथा** की सुगठित और रोचक कथानक का यथार्थ चरित्र चित्रण तथा केरल में कुछ सौ वर्ष पहले के जनजीवन को विवेकपूर्ण ढंग से चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Screenplay

M.T. VASUDEVAN NAIR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Screenplay Writer, M.T. VASUDEVAN NAIR.

Citation

The Award for the Best Screenplay of 1989 is given to M.T. VASUDEVAN NAIR for the gripping plot, clearly etched characterizations and the brilliant portrayal of life in Kerala a few hundred years ago in the Malayalam film ORU VADAKKAN VEERAGADHA.

एम.टी. वासुदेवन नायर केरल के सुप्रसिद्ध लेखक हैं और उनके 7 उपन्यास तथा पन्द्रह कहानी संग्रह प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने 31 फिल्मों की पटकथा लिखी है और 4 फिल्मों का पटकथा लेखन और निर्देशन दोनों किया है। इनमें **निर्मालयम** फिल्म भी शामिल है, जिसे 1973 में राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक मिला। वे केरल सरकार की ओर से दो सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार तथा 7 सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।



M.T. VASUDEVAN NAIR is a leading writer from Kerala and the author of seven novels and fifteen volumes of short stories. Closely associated with the Kerala film industry since 1964, he has written screenplays for thirty-one films. He has also written and directed four films including NIRMALYAM which won the President's Gold Medal in 1973. He has won two Best Director awards and seven Best Screenplay awards from the Kerala State Government.

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन पुरस्कार

हरिकुमार

ध्वनि आलेखक **हरिकुमार** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का 1989 का पुरस्कार **हरिकुमार** को मलयालम फ़िल्म **मथिलुकल** में जेल की चारदिवारी के भीतर फ़िल्म के प्रभाव और रोचकता को बनाए रखने में निर्देशक को सृजनात्मक ढंग से सहायता प्रदान करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Audiography

HARIKUMAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Audiographer, HARIKUMAR.

Citation

The Award for the Best Audiography of 1989 is given to HARIKUMAR for his work in the Malayalam film MATHILUKAL for the perfection noticeable throughout in creatively helping the Director to capture the mood and sustain interest within the enclosed walls of a jail.

हरिकुमार ने मद्रास में तमिलनाडु फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से स्नातक का डिप्लोमा प्राप्त किया। नई दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र में कुछ समय तक ध्वनि आलेखक के रूप में काम करने के बाद वे त्रिवेन्द्रम् में केरल राज्य विकास निगम के चित्रांज़लि स्टूडियो में काम करने लगे। उन्हें 1987 में अडूर गोपालकृष्णन की फिल्म **अनंतरम** के लिए सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। जिन अन्य पुरस्कृत फिल्मों में उन्होंने ध्वनि आलेखन किया है, वे हैं के.जी. जार्ज की फिल्म **यवनिका,** अडूर गोपालकृष्णन की **मुखामुखम्** एम.टी. वासुदेवन नायर की **मंजु,** अरविंदन की **चिदम्बरम्** और सिबी मलाइल की फिल्म **दूरे दूरे ओरु कूडु कूट्टम।**



N. HARIKUMAR graduated from the Film and Television Institute of Tamil Nadu, Madras. After a stint as sound recordist in the Doordarshan Kendra in New Delhi, he joined the Chitranjali Studio of the Kerala State Film Development Corporation in Trivandrum. He won the National Award for Best Audiography for his work in Adoor Gopalakrishnan's ANANTARAM in 1987. Among the other award-winning films for which he has recorded sound are YAVANIKA by K.G. George, MUKHAMUKHAM by Adoor Gopalakrishnan, MANJU by M.T. Vasudevan Nair, CHIDAMBARAM by Aravindan and DOORE DOORE ORU KOODU KOOTTAM by Siby Malayil.

सर्वोत्तम सम्पादन पुरस्कार

रेणु सलूजा

फिल्म सम्पादिका **रेणु सलूजा** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सम्पादन का 1989 का पुरस्कार **रेणु सलूजा** को हिन्दी फ़िल्म **परिंदा** में उनके काम के लिए दिया गया है जिसमें उन्होंने अपनी कला के उच्च ज्ञान का परिचय देते हुए स्टीक कटाई-छटाई करके फ़िल्म को सृजनात्मक उच्चता प्रदान की है।

Award for the Best Editing

RENU SALUJA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Editor, RENU SALUJA.

Citation

The Award for the Best Editing of 1989 is given to RENU SALUJA for her work in the Hindi film PARINDA for her brisk and precise cutting and the creative heights to which she has taken the film with her intelligent and intuitive knowledge of her art.

रेणु सलूजा ने बम्बई एल्फिंस्टन कालेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की और वहीं भारतीय विद्या भवन में राजेंद्र प्रसाद संचार संस्थान से पत्रकारिता में डिप्लोमा प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने 1976 में भारतीय फिल्म एवम् टेलीविज़न संस्थान में प्रवेश किया। उन्होंने अनेक दूरदर्शन धारावाहिकों और हिन्दी फिल्मों का सम्पादन किया है। इनमें उल्लेखनीय हैं— **जाने भी दो यारो, अर्ध सत्य, पार्टी, जन्म, न्यू दिल्ली टाइम्स, पेस्टनजी** और **परिन्दा**।

RENU SALUJA graduated from Elphinstone College, Bombay, completed a diploma course in journalism for the Rajendra Prasad Institute of Communications, Bharatiya Vidya Bhavan, Bombay, and went on to graduate from the Film and Television Institute of India in 1976. She has edited a number of television serials and many feature films in Hindi, among which are JANE BHI DO YAARO, ARDH SATYA, PARTY, JANAM, NEW DELHI TIMES, PESTONJI and PARINDA.

सर्वोत्तम कला निर्देशन पुरस्कार

कृष्णमूर्ति

कला निर्देशक **कृष्णमूर्ति** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कला निर्देशन का 1989 का पुरस्कार **कृष्णमूर्ति** को मलयालम फिल्म **ओरू वडक्कन वीरगाथा** में सभी बारीकियों पर पूरा ध्यान देते हुए केरल में बीते हुए युग के यथार्थ को पुनर्जीवित करके फ़िल्म की सौन्दर्य चेतना को उजागर करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Art Direction

KRISHNAMOORTHY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Art Director, KRISHNAMOORTHY.

Citation

The Award for the Best Art Direction of 1989 is given to KRISHNAMOORTHY for his work in the Malayalam film ORU VADAKKAN VEERAGADHA for adding to the aesthetic value of the film as a whole by carefully recreating the essence of the reality of a bygone era in Kerala with minute attention to details of props and decor.

कृष्णमूर्ति हिन्दी, तेलुगु और मलयालम की अनेक फिल्मों में कला निर्देशक और वेशभूषाकार के रूप में काम कर चुके हैं। उन्हें **वैशाली** फिल्म में राज्य स्तर का पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने भारत तथा अन्य देशों में कई फोटो प्रदर्शनियां आयोजित की हैं और उन्हें कई पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा चुका है।



KRISHNAMOORTHY has worked as an Art Director and Costume Designer in many Hindi, Telugu and Malayalam films. His work in the film VAISALI earned him a State Award. At present he lives in Madras. He has also organized many photographic exhibitions in India and overseas and received a number of awards.

सर्वोत्तम वेशभूषा पुरस्कार

कृष्णमूर्ति

वेशभूषाकार **कृष्णमूर्ति** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम वेशभूषा का 1989 का पुरस्कार **कृष्णमूर्ति** को मलयालम फ़िल्म **ओरू वडक्कन वीरगाथा** में बीते हुए युग की वेशभूषा उत्तम ढंग से तैयार करने, अतीत के जीवन के यथार्थ को अभूतपूर्व ढंग से पुनर्जीवित करने तथा व्यापक ज्ञान और कलात्मक कुशलता का परिचय देने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Costume Designing

KRISHNAMOORTHY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Costume Designer, KRISHNAMOORTHY.

Citation

The Award for the Best Costume Designing of 1989 is given to KRISHNAMOORTHY for his work in the Malayalam film ORU VADAKKAN VEERAGADHA for his intimate knowledge, artistic competence and the brilliant execution of the costumes of a bygone era, recreating the reality of life in the past as few films have done.

कृष्णमूर्ति हिन्दी, तेलुगु और मलयालम की अनेक फिल्मों में कला निर्देशक और वेशभूषाकार के रूप में काम कर चुके हैं। उन्हें **वैशाली** फिल्म में राज्य स्तर का पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने भारत तथा अन्य देशों में कई फोटो प्रदर्शनियां आयोजित की हैं और उन्हें कई पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा चुका है।



KRISHNAMOORTHY has worked as an Art Director and Costume Designer in many Hindi, Telugu and Malayalam films. His work in the film VAISALI earned him a State Award. At present he lives in Madras. He has also organized many photographic exhibitions in India and overseas and received a number of awards.

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन पुरस्कार

शेर चौधरी

संगीतकार **शेर चौधरी** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का 1989 का पुरस्कार **शेर चौधरी** को करबी फ़िल्म **वोसोबिपो** में अद्‌भुत संगीत रचना के माध्यम से असम के अन्दरूनी क्षेत्रों के जनजीवन को चित्रित करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Music Direction

SHER CHOUDHURY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Music Director, SHER CHOUDHURY.

Citation

The Award for the Best Music Direction of 1989 is given to SHER CHOUDHURY for his work in the Karbi film WOSOBIPO, depicting life in interior Assam with a unique background score.

शेर चौधरी इस समय शिलांग में केन्द्र सरकार के महालेखापाल के दफ़्तर में नौकरी करते हैं। उन्होंने 1963 में गोहाटी विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। संगीत नाटक और चित्रकला में रुचि के कारण वे उत्तर पूर्व भारत के अनेक सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य दोनों संगीत शैलियों में प्रशिक्षण लिया है और वे कई प्रकार के वाद्य यंत्र बजा लेते हैं। उनकी पहली फिल्म **प्रथम रागिनी** (असमिया) थी, जिसमें उन्होंने सहायक निर्देशक के साथ-साथ संगीत निर्देशक के रूप में काम किया और उन्हें 1987-88 वर्ष के लिए ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर एसोसिएशन द्वारा सर्वोत्तम संगीत निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। 1987 से वे निर्देशक गौतम बोरा के मुख्य सहायक और संगीत निर्देशक के रूप में काम कर रहे हैं।



SHER CHOUDHURY graduated from Guwahati University in 1963 and is at present working in the Central Government Accountant General's Office in Shillong. With his keen interest in painting, music and drama, he has been closely associated with various cultural and dramatic groups in north-east India. His early training in music covered both western and Indian classical forms and he plays a variety of musical instruments. His entry into films was with PRATHAM RAGINI (Assamese), in which he worked as both Assistant Director and Music Director, and went on to receive the Best Music Director Award for 1987-88 from the Eastern India Motion Picture Association. From 1987 he has been working with director Gautam Bora as Chief Assistant and Music Director.

सर्वोत्तम गीतकार पुरस्कार

शतरूपा सान्याल

गीतकार **शतरूपा सान्याल** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गीतकार का 1989 का पुरस्कार **शतरूपा सान्याल** को बंगला फ़िल्म **छन्दनीड़** के सभी गीतों में अद्‌भुत काव्यात्मक ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Lyrics

SATARUPA SANYAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Lyricist, SATARUPA SANYAL.

Citation

The Award for the Best Lyrics of 1989 is given to SATARUPA SANYAL for the rare poetic heights reached in all the lyrics for the Bengali film CHHANDANEER.

शतरूपा सान्याल ने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा उस्ताद यामिनी गांगुली और श्रीकान्त बाक्रे से प्राप्त की। आकाशवाणी के कलकत्ता केन्द्र पर नियमित रूप से गाती हैं और 1986 से उत्पलेन्दु चक्रवर्ती के साथ संगीत निर्देशक तथा पटकथा लेखक के रूप में काम कर रही हैं। उनकी कई कवितायें बंगला पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। **छन्दनीड़** फिल्म के सभी गीत उन्होंने ही लिखे हैं और वे काफी लोकप्रिय हुए हैं।

SATARUPA SANYAL received her training in classical music from Ustad Jamini Ganguly and Sreekant Bakrey. She sings regularly on All India Radio, Calcutta, and has been working as music director and screenplay writer for Utpalendu Chakraborty since 1986. Many of her poems have been published in Bengali magazines and she wrote all the lyrics in Chakraborty's CHHANDANEER whose musical score has been highly appreciated by the audience as well as by the critics.

निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

अमिताभ चक्रवर्ती

निर्देशक **अमिताभ चक्रवर्ती** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

1989 का विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार निर्देशक **अमिताभ चक्रवर्ती** को बंगला फिल्म **काल अभिरती** के लिए दिया गया है। उन्होंने यह प्रयोगात्मक फ़िल्म का निर्माण करके साहस और विचार-निष्ठा का परिचय दिया है जिससे फ़िल्म निर्माण के क्षेत्र में नये आयाम खुल सकते हैं।

Special Jury Award

AMITABH CHAKRABORTY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, AMITABH CHAKRABORTY.

Citation

The Special Jury Award for 1989 is given to the Director AMITABH CHAKRABORTY for his work in the Bengali film KAAL ABHIRATI for having had the courage of his convictions in making this experimental film which sets out to explore new horizons in the realm of film making.

अमिताभ चक्रवर्ती ने 1985 में भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से फिल्म संपादन में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद के दो वर्षों में इन्होंने बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में कई विज्ञापन तथा लघु फिल्मों का संपादन किया। 1987 में वे कलकत्ता में रहने लगे जहाँ उन्होंने वृत्तचित्रों के लिए काम किया। इनमें अंडमान द्वीप समूह के बारे में भी एक फिल्म बनाई जिसके वे सम्पादक के साथ-साथ सहायक निर्देशक भी थे। **काल अभिरती** उनकी पहली फिल्म है।



AMITABH CHAKRABORTY graduated in 1985 from the Film and Television Institute of India, specializing in film editing. For the next two years he worked in Bombay, Calcutta and Madras, editing a number of advertisement and short films. In 1987 he moved to Calcutta where he also got involved in several documentary films, including one on the Andaman islands, of which he was the associate director and editor. KAAL ABHIRATI is his first feature film as a director.

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र पुरस्कार

गणशत्रु

निर्माता मैसर्स **राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **सत्यजीत राय** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **गणशत्रु** को इबसेन की पुस्तक **ऐन एनीमी ऑफ दि पीपल** को कुशलता पूर्वक रूपान्तरित करने तथा हाल के पुनरुत्थानवाद के खतरों पर प्रकाश डालने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Feature Film in Bengali

GANASHATRU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s National Film Development Corporation Ltd.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Satyajit Ray.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Bengali for 1989 is given to GANASHATRU for its brilliant adaptation of Ibsen's "An Enemy of the People" to highlight the dangers of current revivalism.

सत्यजीत राय बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। फिल्म निर्माण के अलावा चित्रकला, संगीत, कहानी और उपन्यास लेखन, विज्ञान लेखन तथा अन्य अनेक कलाओं में पारंगत हैं। उन्होंने 1955 में अपनी पहली फिल्म **पाथेर पांचाली** से भारतीय सिनेमा को एक नया मोड़ दिया। इस फिल्त में निर्देशक के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति भी मिली। फिल्म क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें अनेक पुरस्कार मिले हैं। 1975 में ब्रिटिश फिल्म इंस्टिट्यूट ने उन्हें पिछले 50 वर्षों के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्देशक के रूप में सम्मानित किया। 1979 में सत्यजीत राय को मास्को फिल्म समारोह में विश्व के 9 महानतम फिल्म निर्देशकों में से एक घोषित किया गया। जनवरी 1989 में फ्रांस के राष्ट्रपति मित्तरां ने कलकत्ता में एक विशेष समारोह में उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च कला सम्मान से विभूषित किया।



SATYAJIT RAY was born in a well-known Calcutta family of cultural pioneers. His own talents are many and varied and range from painting, illustration, typography, music, to writing stories, novels and science fiction and of course making films. His first film, PATHER PANCHALI, released in 1955, created history in Indian cinema and established him as a director of international repute. Throughout his career Ray has received innumerable awards and official recognition of his talent and contribution to world cinema. In 1975 he was honoured by the British Film Institute as "the most distinguished international film director in the last half century". In 1979 in the Moscow Film Festival, Ray was acclaimed as "one of the nine greatest film makers of all time". And in January 1989 President Francois Mitterand of France presented him with the Legion d'Honneur in a special ceremony in Calcutta.

सर्वोत्तम गुजराती कथाचित्र पुरस्कार

परसी

निर्माता **मैसर्स राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लिमिटेड** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **परवेज़ मेरवानजी** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गुजराती कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **परसी** को एक सीमित पारिवारिक संस्कृति की मानसिक आशंकाओं और स्थान छोड़ने के भय को यथार्थवाद शैली में चित्रित करने के लिए प्रदान किया गया है।

Award for the Best Feature Film in Gujarati

PERCY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s National Film Development Corporation Ltd.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Pervez Merwanji.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Gujarati for 1989 is given to PERCY for its searing exploration of the neuroses and the claustrophobic embrace of an ingrown familial culture.

परवेज़ मेरवानजी ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से फिल्म सम्पादन में डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद वृत्तचित्रों के छायाकार, सम्पादक और निर्देशक के रूप में कार्य किया। 1975 में उन्होंने कन्नड़ निर्देशक पट्टाभिरामा रेड्डी के साथ उनकी फिल्म **चन्द्रमारुता** में काम किया। अगले 5 वर्षों तक उन्होंने बड़ी संख्या में वृत्तचित्र तथा लोकप्रिय विज्ञान फिल्में बनाई। 1980 में उन्होंने वज्र फिल्म्स नाम से अपनी फिल्म कम्पनी शुरू की। 1987 में उन्होंने वन्य जीवन संरक्षण के बारे में एक दूरदर्शन धारावाहिक के पांच भागों का निर्देशन किया।



PERVEZ MERWANJI studied sociology and anthropology in St. Xavier's College, Bombay, before joining the Film and Television Institute of India. After receiving a diploma in film editing, he worked as photographer, editor and director of documentary films. He worked with Kannada director Pattabi Rama Reddy on his production CHANDRAMARUTHA in 1975. The next five years were spent with TVNF, where he made a large number of documentary and popular science films. In 1980 he founded his own production company, Vajra Films. He has also directed five episodes of a television serial on wild life and conservation in 1987.

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र पुरस्कार

सलीम लंगड़े पे मत रो

निर्माता **मैसर्स राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लिमिटेड** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **सईद अख़तर मिर्ज़ा** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **सलीम लंगड़े पर मत रो** को दिया गया है जिसमें शहरी जीवन में अपराध तथा धार्मिक पुनरुत्थानवाद के बीच मिली-भगत को नये ढंग से उजागर किया गया है।

Award for the Best Feature Film in Hindi

SALIM LANGDE PE MAT RO

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s National Film Development Corporation Ltd.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Saeed Akhtar Mirza.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Hindi for 1989 is given to SALIM LANGDE PE MAT RO for its novel examination of the nexus between urban lumpen life, crime and religious revivalism.

सईद अख्तर मिर्ज़ा भारत में नव सिनेमा आन्दोलन के एक प्रमुख प्रवक्ता माने जाते हैं। 8 वर्ष तक विज्ञापन जगत में काम करने के बाद वे सिनेमा क्षेत्र में सक्रिय हुए। 1976 में उन्होंने फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त किया। 1978 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म **अरविन्द देसाई की अजीब दास्तान** बनाई। 1980 में उन्होंने **अल्बर्ट पिन्टो को गुस्सा क्यों आता है?** और 1984 में **मोहन जोशी हाजिर हो** का निर्माण किया। उनकी सभी फिल्मों में सामाजिक सन्देश निहित है। उन्होंने अत्यन्त सफल और लोकप्रिय दूरदर्शन धारावाहिक **नुक्कड़** और **इंतजार** का भी निर्माण किया है।



SAEED AKHTAR MIRZA is one of the most vociferous spokesmen of the New Cinema Movement in India. After spending eight years in advertising, he shifted to the cinema, graduating from the Film and Television Institute of India in 1976. His first film made in 1978 was ARVIND DESAI KI AJEEB DAASTAN, to be followed by ALBERT PINTO KO GUSSA KYON ATA HAI? in 1980 and MOHAN JOSHI HAZIR HO in 1984. All his films display his strong social commitment, as do his highly successful television serials, NUKKAD and INTEZAAR.

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र पुरस्कार

माने

निर्माता **मैसर्स अपूर्व चित्र** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **गिरीश कासरवल्ली** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **माने** को भ्रष्ट सामाजिक ढांचे में नैतिक औचित्य तथा सुरक्षा की शहरी मध्यम वर्ग की तलाश में विद्यमान अन्तर्विरोधों और विसंगतियों को प्रकट करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Feature Film in Kannada

MANE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s Apoorva Chitra.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Girish Kasaravalli.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Kannada for 1989 is given to MANE for setting out the contradictions in the urban middle class search, both for moral legitimacy and security, in a corrupt social structure.

गिरीश कासरवल्ली ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान से निर्देशन में डिप्लोमा प्राप्त किया और उनकी डिप्लोमा फिल्म **अवशेष** को 1976 में सर्वोत्तम प्रयोगात्मक लघु फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उन्होंने अपनी डिप्लोमा पटकथा के आधार पर अपनी पहली फिल्म **घटश्राद्ध** का निर्माण किया जिसे 1977 में स्वर्ण कमल प्रदान किया गया और इस फिल्म को देश में नव सिनेमा आंदोलन की एक श्रेष्ठ फिल्म के रूप में मान्यता मिली। कासरवल्ली की फिल्म **आक्रमण** (1980) और **मूरुदारीगलु** (1981) को कई राज्य पुरस्कार मिले। 1986 में उन्होंने **तबर्णा कथे** फिल्म बनाई जिसके लिए उन्हें स्वर्ण कमल तथा अभिनेता चारूहासन को सर्वोत्तम अभिनेता का पुरस्कार मिला। 1988 में बनी फिल्म **बन्नडा वेशा** को सर्वोत्तम कन्नड़ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।



GIRISH KASARAVALLI completed the course in film direction from the Film and Television Institute of India and AVASHESH, his diploma film, won the Silver Medal as the Best Experimental Short Film in the 1976 National Awards. His diploma script, not approved by the Film Institute Jury, later became the basis for his first feature film GHATASHRADDHA which won the President's Golden Lotus Award in 1977 and came to be accepted as one of the outstanding films of the New Cinema Movement in the country. Kasaravalli's AKRAMANA (1980) and MOORU DARIGALU (1981) bagged a number of State awards. After a long gap he made TABARANA KATHE in 1986 which won him the Golden Lotus once again and brought to his actor Charuhasan the Best Actor Award. The film also won seven Karnataka State awards. BANNADA VESHA, made in 1988, also received an award for the Best Feature Film in Kannada at the National Awards.

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र पुरस्कार

मथिलुकल

निर्माता **अडूर गोलाकृष्णन्** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **अडूर गोपालकृष्णन्** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **मथिलुकल** को दिया गया है, जिसमें जेल में कैद एक लेखक के बन्धन की पीड़ा, मौत के भय तथा प्रेम की भ्रामक वास्तविकता के बीच झूलते मन का सुन्दर ढंग से चित्रण किया गया है।

Award for the Best Feature Film in Malayalam

MATHILUKAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, Adoor Gopalakrishnan.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Adoor Gopalakrishnan.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Malayalam for 1989 is given to MATHILUKAL for its remarkable creation of an imprisoned writer's mind hovering between the pain of confinement, existential apprehension of death and the hallucinatory "reality" of sensual love.

अडूर गोपालकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहाँ कथकली परम्परा कई पीढ़ियों से प्रचलित है। वे प्रारम्भ से ही नाटकों से जुड़े रहे और उन्होंने अभिनेता, नाटककार तथा मंच निर्देशक के रूप में काम किया। 1965 में भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान से पटकथा लेखन और निर्देशन की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने केरल में चित्रलेखा फिल्म सोसाईटी का निर्माण करके राज्य में सहकारी फिल्म आंदोलन का श्रीगणेश किया तथा कला फिल्मों के निर्माण, वितरण और प्रदर्शन की दिशा में देश का पहला सहकारी प्रयास भी किया। उन्होंने 6 कथाचित्रों का निर्देशन किया है तथा कई लघु फिल्में और वृत्त चित्र बनाये हैं। उनकी कई फिल्मों को पुरस्कार मिले हैं और वे विश्व भर में भारत के सर्वाधिक कुशल निर्देशकों में गिने जाते हैं।



ADOOR GOPALAKRISHNAN was born in a family which traditionally patronized and practised Kathakali. He grew up in close association with the stage as actor, playwright and stage director. Graduating in script-writing and direction from the Film and Television Institute of India in 1965, Gopalakrishnan pioneered the film society movement in Kerala by starting the Chitralekha Film Society and India's first cooperative for the production, distribution and exhibition of artistic films. He has written and directed six feature films and many short films and documentaries. His ELIPPATHAYAM won the BFI Award and his MUKHAMUKHAM and ANANTARAM won the FIPRESCI prizes. Highly acclaimed by critics the world over, Gopalakrishnan is today considered one of the most important directors from India.

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र पुरस्कार

कलत नाकलत

निर्माता **स्मिता तलवालकर** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **कंचन नायक** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **कलत नाकलत** को पत्नी, प्रेमिका और बच्चों के प्रति प्रेम के विविध रूपों से उत्पन्न तनावों को बारीकी के साथ प्रस्तुत करने तथा परिवार को टूटने से बचाने के प्रयास में इन तनावों को हल करने की प्रक्रिया का कुशलता पूर्वक चित्रण करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Feature Film in Marathi

KALAT NAKALAT

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, Smita Talwalkar.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Kanchan Nayak.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Marathi for 1989 is given to KALAT NAKALAT for its delicate description of the tensions of love in various facets—wife, mistress and children—and the resolution of tensions in favour of keeping a family together.

स्मिता तलवालकर बम्बई दूरदर्शन की समाचार वाचिका हैं। उन्होंने 1983 में मराठी नाटकों में अभिनय शुरू किया और अब तक वे 4 नाटकों, 5 फिल्मों और 6 मराठी टेलीविजन धारावाहिकों में काम कर चुकी है। उन्हें मराठी नाटक **तू फाक्ता हो म्हेन** में अभिनय के लिए नाट्य दर्पण पुरस्कार दिया गया। 1989 में उन्होंने अपनी फिल्म कम्पनी अस्मिता चित्र शुरू की। **कलत-नाकलत** इस कम्पनी द्वारा बनाई गई पहली फिल्म है और इसे 4 महीनों में तैयार किया गया।

कंचन नायक 1972 से मराठी फिल्म उद्योग में सक्रिय हैं। वे राजदत्त और जब्बार पटेल जैसे निर्देशकों द्वारा बनाई गई अनेक पुरस्कृत फिल्मों के सहायक निर्देशक रहे। इनमें **भालू, आरे संसार संसार, सर्जा, सिंहासन** और **उम्बर्था** शामिल हैं। उन्होंने सतीश आलेकर को हिन्दी दूरदर्शन धारावाहिक **देखो मगर प्यार से** के निर्देशन में सहयोग दिया और जयन्त दलवी के नाटक पर आधारित मराठी टेलीविजन धारावाहिक **आवाहन** की पटकथा और संवाद लिखे। उन्होंने जब्बार पटेल के साथ मिलकर महाराष्ट्र सरकार और फिल्म प्रभाग के लिए कई वृत्तचित्र भी बनाये। **कलत-नाकलत** निर्देशक के रूप में उनकी पहली फिल्म है।



SMITA A. TALWALKAR is a newsreader at the Bombay Doordarshan Kendra. She began acting on the Marathi stage in 1983 and since then has acted in four Marathi plays, five Marathi feature films and six Marathi television serials. She has also won the Natya Darpan Award for her performance in a Marathi play, "Tu Fakta Ho Mhan". In 1989 she started her own production company, Asmita Chitra. KALAT NAKALAT, made in a record time of four months, is the first venture of this company.

KANCHAN PRABHAKAR NAYAK has been working in the Marathi film industry since 1972. He was assistant director of award-winning films made by reputed film makers such as Rajdutt (BHALU, ARE SANSAR SANSAR, SARJA), and Jabbar Patel (SIMHASAN, UMBARTHA). He also assisted Satish Alekar for his Hindi television serial, DEKHO MAGAR PYAR SE and wrote the script and dialogues for the Marathi television serial AVHAN based on a well-known play by Jaywant Dalvi. His association with director Jabbar Patel has led to his working on various documentary films made for the Maharashtra government and Films Division. KALAT NAKALAT is his first film as a director.

सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र पुरस्कार

अन्ध दिगंत

निर्माता **मैसर्स वोक्स विजुअल्स प्रा.लि.** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **मनमोहन महापात्र** को रजत कमल और 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **अन्ध दिगंत** को एक किसान के कष्टों का बेबाक चित्रण करने के लिए दिया गया है, जो अपनी आर्थिक दुर्दशा तथा अपनी पत्नी के पिछले जीवन के प्रति बुर्ज़ुवा दृष्टिकोण से मुक्ति पाने में असमर्थ है।

Award for the Best Feature Film in Oriya

ANDHA DIGANTA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s Vox Visuals Pvt. Ltd.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Manmohan Mahapatra.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Oriya for 1989 is given to ANDHA DIGANTA for its unemotional description of the increasing misery of a peasant who discovers his inadequacy in fighting his economic servitude and his own bourgeois attitude towards his wife's past.

मनमोहन महापात्र ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने 7 फिल्में बनाई हैं जिनमें से 6 को राष्ट्रीय पुरस्कार और एक फिल्म को 4 राज्य पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उनकी उल्लेखनीय फिल्में हैं **सीताराती, नीरब झाड़,** और **माझी पहाचा**। इस समय वे राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की सहायता से बन रही फिल्म **अग्निवीणा** का निर्देशन कर रहे हैं।



MANMOHAN MAHAPATRA received his diploma from the Film and Television Institute of India before launching into his film-making career. Six of his seven feature films have won National Awards, while one has received four major state awards. Notable among his films are SEETA RATI, NEERABA JHADA, and MAJHI PAHACHA. He is currently working on a film financed by the National Film Development Corporation, called AGNI VEENA.

सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र पुरस्कार

मढ़ी दा दीवा

निर्माता **मैसर्स राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम लिमिटेड** और **दूरदर्शन महानिदेशालय** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **सुरिन्दर सिंह** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पंजाबी फिल्म का 1989 का पुरस्कार **मढ़ी दा दीवा** को सामन्तवाद से पूंजीवाद में परिवर्तन से जुड़ी पीड़ा और दुख के चित्रण के लिए दिया गया है। इसमें यह भी दिखाया गया है कि इस परिवर्तन से दोस्ती और प्रेम जैसे मानवीय सम्बन्ध बिखरने लगते हैं।

Award for the Best Feature Film in Punjabi

MARHI DA DEEVA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, M/s National Film Development Corporation Ltd. and Doordarshan.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, Surinder Singh.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Punjabi for 1989 is given to MARHI DA DEEVA for its depiction of the pain and tragedy involved in the transformation of feudalism into capitalism, which entails destruction and degradation of normal human relationships like friendship and love.

सुरिन्दर सिंह ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने अपना फिल्मी जीवन वृतचित्रों के निर्माण से शुरू किया। लेकिन कुछ समय बाद वे फीचर फिल्में बनाने लगे। उन्होंने अनेक पंजाबी फिल्मों का निर्माण किया, किन्तु वे लोकप्रिय सिनेमा के परम्परागत ढाँचे के अनुरूप नहीं थीं। इनमें **साल सोलवां चढ़या** और **मुटियार** उल्लेखनीय हैं। उन्होंने विभिन्न विषयों पर वृत्तचित्र और लघु फिल्में भी तैयार की हैं। उन्होंने दूरदर्शन कार्यक्रमों के लिए पटकथायें भी लिखी हैं। **मढ़ी दा दीवा** की पटकथा को 1986 में राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की ओर से दूसरा पुरस्कार दिया गया था।



SURINDER SINGH graduated in direction from the Film and Television Institute of India and began his career making documentary films. He soon shifted to feature film direction and made a number of films in Punjabi, films which did not conform to the conventional framework of popular cinema. Among them are SAAL SOLVA CHADIYA and MUTIYAR. Singh has also made a number of documentaries and short films on a variety of subjects besides writing scripts for Doordarshan productions. The script of MARHI DA DEEVA was awarded second prize in the NFDC Script Awards in 1986.

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र पुरस्कार

पुदिया पादई

निर्माता **ए. सुन्दरम्** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **आर. पार्थिबन** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **पुदिया पादई** को एक महिला के साहस और समर्पण से उसके पति के जीवन में आने वाले परिवर्तन का चित्रण करने के लिए दिया गया है।

Award for the Best Feature Film in Tamil

PUDHEA PADHAI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producer, A. Sundaram.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, R. Parthiban.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Tamil for 1989 is given to PUDHEA PADHAI for its depiction of the transforming effects of a woman's courage and devotion on her husband.





ए. सुन्दरम् अपनी फिल्म वितरण कम्पनी विवेक चित्र के माध्यम से कई वर्षों से एक सफल फिल्म वितरक के रूप में काम कर रहे हैं। **पुदिया पादई** निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म काफी लोकप्रिय हुई है और अब तेलुगु, कन्नड़ तथा हिन्दी में इसका पुनर्निमाण किया जा रहा है।

आर. पार्थिबन तमिल फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक के. भाग्यराज के निकट सम्पर्क में रहे हैं। पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में **पुदिया पादई** उनकी पहली फिल्म है। उन्होंने इस फिल्म के नायक की भूमिका भी स्वयं की है। इस फिल्म की सफलता के बाद पार्थिबन दक्षिण भारत में लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक के रूप में प्रसिद्ध हो गये हैं।

A. SUNDARAM has been a successful film distributor for many years and runs his own company, Vivek Chitra. PUDHEA PADHAI is his first venture as a producer. The film, which celebrated its Silver Jubilee, is now being remade in Telugu, Kannada and Hindi.

R. PARTHIBAN has been closely associated with K. Bhagyaraj the famous Tamil director. PUDHEA PADHAI is his first venture as a script-writer and director. He has also acted in the lead role of the film whose success has made him one of the much sought-after actor-directors in the region.

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र पुरस्कार

सूत्र धारुलू

निर्माता **ए. सुधाकर रेड्डी** और **सी. करुणाकर राव** को रजत कमल और 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

निर्देशक **के. विश्वनाथ** को रजत कमल और 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र का 1989 का पुरस्कार **सूत्र धारुलू** को प्रदान किया गया है, जिसमें आध्यात्मिक सद्‌भाव और शान्ति के द्वारा सामाजिक शोषण पर विजय का सुन्दर ढंग से चित्रण किया गया है।

Award for the Best Feature Film in Telugu

SUTHRA DHAARULU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Producers, A. Sudhakar Reddy and C. Karunakar Rao.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Director, K. Vishwanath.

Citation

The Award for the Best Feature Film in Telugu for 1989 is given to SUTHRA DHAARULU for the way it charts the conquest of social oppression by spiritual understanding and peace.



ए. सुधाकर रेड्डी वाणिज्य स्नातक हैं और उद्योगपति हैं। वे कलाओं के संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध हैं तथा तेलुगु में आदर्श विषयों पर फिल्में तैयार करने के लिए गठित संस्था सुदर्शन सिने एन्टरप्राइसिस के संस्थापकों में से एक हैं।

सी. करुणाकर राव कानून के स्नातक हैं। प्रसिद्ध अभिनेत्री और फिल्म निर्माता लक्ष्मी राज्यम् के माध्यम से फिल्मों की ओर आकर्षित हुए। वे भी सुदर्शन सिने एन्टरप्राइसिस के संस्थापकों में से एक हैं।

के. विश्वनाथ साहसिक विषयों पर फिल्म बनाने के लिए विख्यात हैं। उन्होंने अपना फिल्मी जीवन ध्वनि इंजीनियर के रूप में शुरू किया। 1965 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म **आत्मागौरवम्** का निर्देशन किया। इसके लिए उन्हें राज्य पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने **कलम मारिनडी, चेल्लेली कापुरम, शारदा, वो सीता कथा** तथा **जीवन ज्योति** फिल्में बनायी और उन्हें भी कई पुरस्कार मिले। **शुभ लेखा** और **सागर संगमम** से उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। प्रसिद्ध फिल्म शंकराभरणम् का निर्देशन भी विश्वनाथ ने किया। उनकी फिल्में मधुर संगीत लिये हुए रहती हैं और आम दर्शक तथा गंभीर दर्शक समान रूप से उन्हें पसंद करते हैं।





A. SUDHAKAR REDDY, a graduate in commerce and the son of a noted industrialist, is a patron of the arts and one of the founders of Sudarshan Cine Enterprises which aims to produce films with classical themes in Telugu.

C. KARUNAKAR RAO is a law graduate from Madras who was exposed to the charms of the silver screen through his aunt Lakshmi Rajyam, a noted actress and producer. He is one of the founders of Sudarshan Cine Enterprises.

K. VISHWANATH, director of the acclaimed film SHANKARABHARANAM, is known for his bold themes. Starting his career as a sound engineer, he directed his first film ATMA GOWRAVAM in Telugu in 1965. The film won a State award, to be followed by many such awards for his later films such as KALAM MARINDI, CHELLELI KAPURAM, SARADA, O SEETHA KATHA and JEEVANA JYOTHI. SUBHA LEKHA and SAGARA SANGAMAM brought him international recognition. Vishwanath's films are known for their lyrical charm and attract the admiration of both the ordinary film viewer and the discerning critic.

विशेष उल्लेख
अनुपम खेर
और
मोहनलाल

कथाचित्र निर्णायक मण्डल ने हिन्दी कथाचित्र **डैडी** में **अनुपम खेर** के अभिनय का विशेष उल्लेख किया है जिसमें उन्होंने दुखद व्यक्तिगत सम्बन्धों के शिकार एक प्रतिभाशाली कलाकार की भूमिका बहुत सहजता और परिपक्वता के साथ निभाई है।

कथाचित्र निर्णायक मण्डल ने मलयालम फिल्म **किरीडम्** में **मोहनलाल** के अभिनय का भी विशेष उल्लेख किया है, जिसमें उन्होंने एक युवा की मानसिक पीड़ा और वेदना को अद्‌भुत शैली में व्यक्त किया है।

Special Mention

ANUPAM KHER and MOHANLAL

The Feature Film Jury makes a Special Mention of ANUPAM KHER in the Hindi film DADDY for having played with great finesse and an unequalled range, the role of a gifted artiste hurt by unfortunate personal relationships.

The Feature Film Jury also makes a Special Mention of MOHANLAL in the Malayalam film KIREEDOM for portraying a young man's agony and pain marvellously and in unique style.

Note: Due to the wrong categorization of the Hindi Film MEETING A MILESTONE by the producer, the Jury felt unhappy that it could not honour this deserving film.





अनुपम खेर ने पंजाब श्विविद्यालय से बी.ए. की डिग्री और भारतीय रंगमंच में डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद नई दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से अभिनय में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने 50 से अधिक नाटकों में अभिनय किया है और 10 नाटकों का निर्देशन किया है। उनका फिल्मी जीवन 1984 में आरम्भ हुआ। अब तक वे 60 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिनमें **सारांश, जन्म, राव साहिब, अर्जुन, कर्मा, पेस्टनजी, एक आदमी, विजय, राम लखन, चांदनी** और **डैडी** उल्लेखनीय हैं। उन्होंने 1984 में **सारांश** के लिए सर्वोत्तम अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार और 1988 में **विजय** फिल्म के लिए सर्वोत्तम सह-अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

